>

Title: Regarding closure of HMT Factory at Ranibagh in Nainital district of Uttarakhand-laid

एडवोकेट अजय भट्ट (नैनीताल-ऊधमसिंह नगर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र नैनीताल-उधमसिंह नगर के जनपद नैनीताल के रानीबाग स्थित एच.एम.टी. घड़ी कारखाना की ओर दिलवाना चाहता हूं । जो दुर्भाग्यवश प्रबंधन की गलत नीतियों के कारण उक्त कारखाने को दिनांक 22 मार्च 2019 को अवैधानिक तरीके से रात के अंधेरे में बंद कर दिया गया जबकि इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विकास के साथ-साथ बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार प्रदान करना था ।

मैं सरकार का ध्यान इस ओर भी दिलाना चाहता हूं कि जब श्रम मंत्रालय द्वारा कर्मचारियों के देयकों के भुगतान के बिना नीलामी न किये जाने के स्पष्ट आदेश दिये गये थे, उसके बावजूद उक्त कम्पनी के कलपुर्जा एवं मशीनों के विकृय की ई. टैण्डरिंग प्रक्रिया प्रारंभ किया जाना उक्त संयंत्र के कर्मचारियों के साथ विश्वासघात है । इस आशय से पत्र उप सचिव, श्रम विभाग, भारत सरकार, सचिव, भारी उद्योग, भारत सरकार व अध्यक्ष एवं प्रबंधन एच.एम.टी. बेंगलुरू के पास कार्यवाही हेतु विचाराधीन है ।

उचित होगा कि भारत सरकार द्वारा इस संस्थान में रक्षा उपकरण बनाने संबंधी कारखाने की स्थापना की जाये, ताकि उक्त संयंत्र में स्थानीय युवकों को रोजगार प्रदान किये जाने के साथ ही एच.एम.टी. कारखाने के कर्मचारियों को भी समायोजित किया जा सके, जिससे क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी, एवं रोजगार को बढ़ावा मिल सके ।